संख्या- 157 / 2016/ 2203 /चार-2016-17(बजट)/2012

प्रेषक,

डा0 हरिओम
सचिव
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ: 13 अक्टूबर , 2016

विषय:- वित्तीय वर्ष 2015-16 के यश भारती सम्मान समारोह से सम्बन्धित लम्बित बिलों के भुगतान की प्रशासनिक/ वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अपने पत्र संख्या-1749/सं0नि-15(यश भारती)/2015-16 टीसी,दिनांक 30 सितम्बर , 2016 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2016-17 में आपके निर्वतन पर रखी गयी धनराशि रू0 350.00 लाख में से वित्तीय वर्ष 2015-16 के यश भारती सम्मान समारोह से सम्बन्धित लम्बित बिलों के भुगतान हेतु धनराशि रू0 31,11,962/- (रूपये इक्तीस लाख ग्यारह हजार नौ सौ बहसठ मात्र) की प्रशासनिक/ वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव पर शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त कुल धनराशि रू0 31,11,962/- (रूपये इक्तीस लाख ग्यारह हजार नौ सौ बहसठ मात्र) की व्यय की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जाती है।

3- उक्त धनराशि रू0 31,11,962/- (रूपये इक्तीस लाख ग्यारह हजार नौ सौ बहसठ मात्र) चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या- 92 के अन्तर्गत आयोजनागत मद के लेखाशीर्षक-2205- कला एवं संस्कृति-102-कला एवं संस्कृति का संवर्द्धन-04-"यश भारती सम्मान"-42-अन्य व्यय में उपलब्ध धनराशि से वहन किया जायेगा।

भवदीय,

(डा0 हरिओम)
सचिव।

संख्या- 157 / 2016 / 2203 (1)/चार-2016 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- निजी सचिव, मा0 संस्कृति मंत्री जी।
3- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय , उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ ।
4- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- वित्त (लेखा) अनुभाग-1/ वित्त (ई-7) अनुभाग
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से ,

(मनोज कुमार सिंह)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in/